**कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुरादाबाद।**

(एल–25, रामगंगा विहार, फेस–प्रथम, सोनकपुर स्टेडियम, कॉठ रोड, मुरादाबाद–दूरभाष सं0–0591–2450066)

पत्रांक 3327 / 14-1 दिनांक, मुरादाबाद, जून,29, 2017.

सेवा में,

वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

विषयः– ग्राम मुस्तफाबाद रामपुर रोड तहसील व जिला मुरादाबाद के खसरा सं0–196/03 में प्रोपोस्ड रिटेल आउटलेट सी.एन.जी. स्थापित किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक कम में अवगत कराना है कि जनपद मुरादाबाद में उप महा प्रबन्धक,सिटी एनर्जी लि0,मुरादाबाद द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग सं0–24(मुरादाबाद– बरेली–लखनऊ) मार्ग के कि0मी0 163.00 से 164.00 के मध्य ग्राम मुस्तफाबाद रामपुर रोड तहसील व जिला मुरादाबाद के खसरा सं0–196/03 में प्रोपोस्ड रिटेल आउटलेट सी.एन.जी. स्थापित किये जाने हेतु 1.1009 है0 संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी प्रयोग एवं उस पर अवस्थित 02 बाधक वृक्षों के पातन का कार्य प्रस्तावित है, जिसके कारण वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत वन भूमि हस्तांतरण का प्रस्ताव उ0 प्र0 शासन को प्रेषित किया जाना है।

अतः वन संरक्षण अधिनियम 1980 के प्राविधानों के अनुसार निर्धारित प्रपत्रों में विषयक प्रस्ताव एम0ओ0ई0एफ0 वेबसाईट पर डी0एफ0ओ0, मुरादाबाद के स्तर से फार्म–।। अपलोड कर दिया गया है तथा प्रस्ताव की 4 प्रतियां मूल में संलग्न कर संस्तुति सहित प्रेषित किया जा रहा है। कृपया अपने स्तर से अग्रिम कार्यवाही कर प्रस्ताव उच्च स्तर को प्रेषित करना चाहें।

**संलग्नक–प्रस्ताव की 4 प्रतियॉं मूल में।**

भवदीय,

(डा0 बी0सी0 ब्रहमा)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुरादाबाद।

पत्रांक / दिनांकित।

प्रतिलिपि श्री सतीश चन्द्र वर्मा,उप महा प्रबन्धक,सिटी एनर्जी लि0, सी0एन0जी0 स्टेशन, ग्राम धनुपुरा, 14 कि0मी0 माईल स्टोन, एन0एच0–24, मुरादाबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(डा0 बी0सी0 ब्रहमा)
प्रभागीय निदेशक,
सामाजिक वानिकी प्रभाग,
मुरादाबाद।

Scanned by CamScanner